## सार-समाचार

### शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया

**रतनगढ़** (निसं)। नगरपालिका में आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 का निरीक्षण क्षेत्रीय विधायक पूसाराम गोदारा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पार्षदों व अधिकारियों से संवाद कर शिविर की व्यवस्थाओं एवं कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान लाभार्थी नदारद नजर आए तथा शिविर में के जन्मन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण पत्र ही बनाए जा रहे थे, जबकि कई अन्य आवश्यक कार्यों का लाभ आमजन को नहीं मिल पाया।विधायक ने कहा कि कई महत्वपूर्ण कार्य शिविर में शामिल न होकर यह शिविर औपचारिकता मात्र बनकर रह गया है। पट्टों सहित अन्य जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी गई है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में शिविरों के माध्यम से आमजन को कई प्रकार की छूट व गरीब एवं असहाय परिवारों को सहायता उपलब्ध करवाई जाती थी। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा आधे-अधूरे शिविर चलाना, उसकी नाकामी को दर्शाता है।उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुँचाया जाए तथा अन्य आवश्यक कार्यों को भी शामिल कर आमजन को राहत दी जाए। इस दौरान पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, अधिशासी अधिकारी सहदेव चारण, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, कांग्रेस नेता अरविंद चाकलान पार्षद राजेश गहलोत कई पार्षद व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### शिविर महज ढकोसला : सोहन ढिल

**नोहर,** (निसं)। सरकार की ओर से गांवो में चलाये जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर को लेकर नोहर पंचायत समिति के कांग्रेसी प्रधान सोहन ढिल ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिविरों को महज ढकोसला बताते हुए कहा कि इन शिविरों से आमजन को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि वर्तमान समय में लोग अपनी खेती बाडी में व्यस्त हैं। जिसके चलते इन शिविरों में कोई व्यक्ति नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने गुरुवार को ग्राम पंचायत 22 एनटीआर में आयोजित शिविर के दौरान खाली कुर्सियों के फोटो भी पत्रकारों को दिखाएं। प्रधान ने कहां की सरकार आगामी चुनाव को देखते हुए लोगों को बहलाने फुसलाना में लगी है, लेकिन यह शिविर महज जीरो है। इस दौरान प्रधान ने प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। प्रधान ने कहा कि अगर वास्तव में सरकार की मंशा आमजन को राहत देने की है।

### बालिका सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन

**नोहर,** (निसं)। स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 2 में बालिका सुरक्षा को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नोहर एडिशनल एसपी गीता चौधरी रही। जिन्होंने बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार बालिकाएं अपने व्यवहार में परिवर्तन लाकर अपनी सुरक्षा कर सकती है। बालिका सुरक्षा से संबंधित नियमों व कानून की जानकारी, गुड टच व बेड टच के बारे में जानकारी, सोशल मीडिया व बालिका सुरक्षा से संबंधित नंबर की जानकारी भी दी गई। इस अवसर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हनुमान व्यास व एसडीएमसी सदस्य मुकेश पंडा, अभय कृष्ण भोजक, मांगीलाल सेवग उपस्थित रहे। संस्था प्रधानाचार्य आरती कौशिक ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अध्यापक राजकुमार ज्ञानाणी ने किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य प्रकाश कस्वां, सज्जन कुमार कमल कुमार छींपा, ममता पारीक, रिमझिम पारीक, विनोद कुमारी, नीलम छींपा, आसिया बानो श्वेता भट्ट काजल, रेखा व आकाश उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सेवा शिविर में आवेदन दिया

**नोहर,** (निसं)। निकटवर्ती 22 एनटीआर ग्राम पंचायत में लगे सेवा शिविर में मनरेगा योजना में मेट पद से निलंबित युवक ने अधिकारियों से शादी करवाने की गुहार लगाई। 22 एनटीआर निवासी श्रवण सुथार ने विकास अधिकारी पवन कुमार और नायब तहसीलदार संजीव सिहाग को ज्ञापन दिया। प्रार्थी ने तहसीलदार को दिए आवेदन पत्र में लिखा-मेरी उम्र 33 साल हो गई है। मेरे माता-पिता बुजुर्ग हो गए हैं। उनका ध्यान रखने के लिए किसी व्यक्ति की आवश्यकता है। मैं मजदूर आदमी हूं। घर पर रहकर उनकी देखभाल नहीं कर सकता। इसलिए निवेदन है कि मेरी शादी करवाए। ताकि मेरे माता-पिता का ध्यान रख सके। गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी बीडीओ पवन कुमार ने 7 अप्रैल को योजनांतर्गत ग्राम पंचायत 22 एनटीआर के मेट श्रवण कुमार के द्वारा 95 आरडी से 107 आरडी तक एनटीआर नहर की गाद निकासी व पटड़ा बंधाई कार्य पर एक ही श्रमिक की फोटो अन्य मस्टररोल में बार-बार अपलोड की गई।

### निर्माण कार्यों का उद्घाटन कल

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन में 21 सितंबर रविवार को सुबह 11 बजे निर्माण कार्यों का उद्घाटन व आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम होगा। डॉ. अम्बेडकर समाज सेवा समिति अध्यक्ष जुगलाल बरवड ने बताया कि सामुदायिक भवन में विधायक कोटे से निर्मित दो हॉल मय बरामदा एवं भामाशाह मास्टर प्रताप मेघवाल की ओर से निर्मित कार्यालय भवन व संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण विधायक नरेंद्र बुडानिया द्वारा किया जाएगा।

# सांसद अमराराम ने बलिदान दिवस के पोस्टर का विमोचन किया

■ शहीद वीरांगना सम्मान व सामाजिक जागृति सम्मेलन 23 को

**सीकर,** (निसं)। मेजर दलपत सिंह बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा व वीरांगना सम्मान तथा सामाजिक जागृति सम्मेलन की तैयारी का जिम्मा मातृ शक्ति ने उठाया है। मातृ शक्ति के द्वारा घर-घर जाकर शौर्य, पराक्रम व हाइफा के हीरो मेजर दलपत सिंह के अमर बलिदान की कहानी बताई जा रही है तथा अधिक से अधिक मातृ शक्ति को कार्यक्रम में शामिल होने का संदेश दिया जा रहा है। शुक्रवार को सांसद अमराराम ने मेजर दलपत सिंह शेखावत के पोस्टर का विमोचन किया।

आयोजन समिति के अधिवक्ता हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि शुक्रवार को शहर वार्ड नंबर 41 राजेंद्र औषधालय के पीछे स्थित रावणा राजपूत सभा समिति सभागार में समाज की मातृशक्ति के द्वारा बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला शक्ति को एकजुट करने की अपील की गई। बैठक में मातृशक्ति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23 सितंबर को प्रधान जी के जाव में मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एव वीरांगना सम्मान समारोह में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी हो इसके लिए निर्णय लेते हुए पांच पांच महिलाओं का ग्रुप बनाया गया।

महिलाओं की ग्रुप टोली घर-घर जाकर महिलाओं को जागृत करते हुए अधिक से अधिक श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी। मातृशक्ति की आयोजित सभा में पूर्व पार्षद भावना कच्छावा ने कहा कि प्रधान जी के जाव में आयोजित मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर महिलाओं की भागीदारी बहुत अति आवश्यक है जब तक महिलाएं आगे नहीं आएगी तब तक समाज आगे नहीं बढ़ सकता पूर्व पार्षद कच्छावा ने सर्व समाज की महिलाओं से भी अपील की है कि वह भी एक वीर योद्धा मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु अपनी अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराए। इसके साथ इन्द्रा कंवर, रेखा चम्पावत, विमला सोलंकी, संतोष चोहान, सावित्री कंवर,घिसी कंवर शेखावत, साधना निर्बाण, कोशल्या चंदेल आदि ने भी मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए बलिदान दिवस पर अपनी भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

बलिदान दिवस पर शहर के प्रमुख चौराहों व सर्किल पर सजेंगी केशरिया पताका, रानी सती रोड पर सजेगी रंगोली हाईफा हीरो मेजर दलपतसिंह शेखावत के बलिदान दिवस से पूर्व शहर के सभी प्रमुख चैराहों व सर्किल को केशरिया पताका से सजाया जायेगा। साथ ही राणीसती रोड को रंगोली से सजाया जाएगा। बलिदान दिवस से पूर्व 22 सितम्बर की शाम को सीकर के जयपुर रोड स्थित शहीद स्मारक पर युवा शक्ति व मातृशक्ति के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की जायेगी। उन्होंने बताया कि समारोह में सर्व समाज के प्रतिनिधियों से सम्पर्क किया जायेगा।

## श्याम पाठ के रचयिता श्रीचंद शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किये

**चूरू** (निसं)। स्थानीय दादू भवन में अखंड ज्योत है अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया....जैसे श्याम पाठ के रचयिता श्रीचंद शर्मा के निधन पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्याम प्रेमी पवन जालान ने बताया कि श्रीचंद शर्मा का जन्म विक्रम संवत 1990 में भादरा के डुंगराना गांव में चौमालवंशी ब्राह्मण परिवार में हुआ था, उनके पिता लुणाराम व माता जड़िया देवी के सबसे छोटे पुत्र पं. श्रीचंद शर्मा की शिक्षा दीक्षा चूरू शहर के ऋषिकुल ब्रह्मचार्य आश्रम में पं. पूर्णानंद अग्निहोत्री के मार्गदर्षन में संपन्न हुई। बाल्यावस्था में ही पिता के आदेश से सूरजगढ़ गए, जहां उन्हें परम गुरु सांवलराम का सानिध्य मिला। उनके सानिध्य में प्रथम बार सूरजगढ़ से खाटू धाम की पदयात्रा शुरू की और यह अनवरत जारी रही। बाबा श्याम के आशीर्वाद से उन्होंने अखंड ज्योति पाठ लेखन की प्रेरणा मिली। आज से लगभग 61 वर्ष पूर्व अपने खाटू धाम प्रवास के दौरान पवित्र श्याम कुंड पर बैठकर 41 दिनों तक निराहार रहकर इस अनुपम ग्रंथ अखंड ज्योत है अपार माया श्याम देव की प्रबल छाया श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ की रचना की। यह पाठ देवउठनी एकादशी पर संपन्न हुआ। ज्ञात रहे कि 16 नवंबर 1964 सोमवार के दिन जब कलयुग के अवतारी बाबा श्याम की साक्षात कृपा व आशीर्वाद से श्रीचंद शर्मा ने इस चमत्कारी पाठ को श्याम प्रभु खाटू धाम के दरबार में भक्त आलू सिंह महाराज की उपस्थिति में सुनाया था।

# वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में संचालित वित्तीय समावेशन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य स्तर से आई हुई टीम तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वे बैंकों में प्राप्त ऋण संबंधी दावों का अधिकतम स्तर पर निस्तारण करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बैंक की और आशा की नजर से देखते हैं और जब आप उनकों समय पर ऋण उपलब्ध करवा देंगे तो वह अपना रोजगार स्थापित कर सकेगा और उसे आर्थिक संबल भी मिलेगा तथा वह आपकों सच्चे मन से दुआएं भी देगा। उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसे योजनाओं में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने पर बल दिया।

जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देश दिए कि यदि बैंक वर्चुअल कोऑर्डिनेटर अथवा आरओ फाउंडेशन के अधीन कार्यरत कार्मिक निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं, तो उन्हें नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाये। पंजाब नेशनल बैंक, सीकर के अग्रणी जिला प्रबंधक नन्दलाल ने जिला कलेक्टर को जानकारी दी कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में वित्तीय साक्षरता शिविर और ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी, बीमा नामांकन तथा केवाईसी प्रक्रिया के विषय में जागरूक किया जा रहा है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले की वित्तीय समावेशन रैंकिंग में सुधार लाकर इसे राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल किया जाएगा। इस के लिए सभी विभागों और बैंक प्रतिनिधियों को सहयोगात्मक रूप से कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, सीपीओ अरविन्द सामौर, उपनिदेशक सांख्यिकी डॉ. अनिल शर्मा, राजीविका जिला प्रबंधक अर्चना मौर्य, जीएम डीआईसी विकास सिहाग, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शेखावत, सीडीईओ मुकेश जैमन सहित बैंकर्स प्रतिनिधि, बीसी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**पाटन** (निसं)। वित्त मंत्री के बजट घोषणा में राजकीय महाविद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की दिशा में दिए गए आदेशों के अनुपालन में, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर के आदेश अनुसार, राजकीय महाविद्यालय, पाटन में 18 सितंबर से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भय मुक्त एवं सुरक्षित वातावरण के लिए आत्मरक्षा अनिवार्य है, तथा सशक्त मानसिकता की नींव यही है। प्रो. डॉ. योगेश कुमार सबल ने कहा कि शारीरिक श्रम के साथ-साथ आत्मिक विकास भी छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है; उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई की सोच व साहस को छात्राओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। प्रभारी प्रोफेसर किरण यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ अन्य छात्राएं भी निःशुल्क भाग ले सकती है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से छात्राओं को पंच मारना, आधारभूत आत्मरक्षा क्रियाएं सिखाना, आत्मरक्षा के लिए मानसिक तैयारी और सतर्कता, महिला कांस्टेबल सुमन एवं कविता मीणा द्वारा स्टैण्ड्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को महिला कांस्टेबलों द्वारा विशेष रूप से पंच मारने तथा अन्य आक्रमक कार्रवाई की तकनीकें सिखाया जाना। कार्यक्रम की सफलता में प्रोफेसर ज्योति शर्मा, प्रोफेसर सरोज गुर्जर, एवं प्रोफेसर रितु शर्मा का विशेष योगदान रहा है।

### प्रो. डॉ. मूलचंद योग पर व्याख्यान देंगे

**चूरू** (निसं)। महाकाल की तपोभूमि उज्जैन दर्शन-चिंतन के दिव्य अनुष्ठान की साक्षी बनने जा रही है। दर्शन परिषद् मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ तथा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में 5 व 6 अक्टूबर 2025 को 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन अपने वैभवपूर्ण स्वरूप में होगा। आयोजन सचिव प्रो. एस.के. मिश्र व दर्शन परिषद सचिव प्रो. श्रीकांत मिश्र के नेतृत्व में यह अधिवेशन भारतीय दर्शन व सामाजिक सद्भाव विषय पर आधारित नये आयाम स्थापित करेगा। राष्ट्रीय अधिवेशन में श्री-कीर्ति योग्य व्याख्यानमाला विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। गौरतलब है कि इस अधिवेशन में राजस्थान के चूरू जिले के राजकीय लोहिया महाविद्यालय के प्रख्यात शिक्षाविद् व संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मूलचंद चूरू का प्रतिनिधित्व करते हुये अपना व्याख्यान देंगे। प्रो. डॉ. मूल चन्द योगदर्शन प्राचीन सूत्रों में समाहित वर्तमान जीवन प्रबंधन की कला एक अध्ययन विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। उनका यह विमर्श योग के शाश्वत सूत्रों से आधुनिक जीवन की जटिलताओं का समाधान खोजते हुए दर्शकों को आत्मानुशासन, संतुलन व सामाजिक सद्भाव के गहन रहस्यों से अवगत कराएगा।

### ई.ओ. को ज्ञापन सौंपा

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर नगर पालिका के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला ने अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा को ज्ञापन सौंपकर वार्ड नं 6,8,9 में फिर से शिविर आयोजित करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि शुक्रवार को आयोजित शिविर में कनिष्ठ अभियंता मौजूद नहीं होने के वार्ड के लोगों का कोई कार्य नहीं हो रहा है। सीसी, डामर सड़क मरम्मत, पेचवर्क, पट्टा सम्बंधित कार्य, स्पीड ब्रेकर ,फेरो कवर , प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, आंगनबाड़ी की मरम्मत सहित अन्य कार्य ठप है जिससे आमजन को लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं वार्ड नं 7 श्मशान जाने वाले रास्ते पर गंदगी पड़ी है। पानी की निकासी नहीं होने पर वहां पर गंदा पानी इकट्ठा रहता है जिसके कारण अंतिम संस्कार में जाने वाले लोगो को व रास्ते से गुजरने वाले व्यक्तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल्द से जल्द पानी की निकासी समस्या का समाधान करने की बात कही।

### जागरूकता रैली निकाली

**सीकर** (निसं)। आयुक्त नगर परिषद, सकिर शशिकांत शर्मा ने बताया कि हरदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के दौरान बच्चों ने जोरदार नारे लगाकर लोगों से अपील की कि 'सिंगल यूज प्लास्टिक' का प्रयोग बंद किया जाए। रैली के माध्यम से छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## मोलीसर बड़ा में विधायक सहारण ने ग्रामीणों को पट्टे बांटे

**चूरू** (निसं)। ग्राम पंचायत मोलीसर बड़ा में जन सेवा केंद्र में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का अवलोकन विधायक हरलाल सहारण, प्रधान दीपचंद राहड, सरपंच मंजू देवी व विक्रम कोटवाद ने किया।

विधायक सहारण ने ग्रामीणों से शिविर में हो रहे कार्यों की जानकारी ली, जिस पर ग्रामीणों ने इन शिविरों को सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। विधायक सहारण ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों से आमजन के विभागीय कार्यों की जानकारी ली। शिविर में पट्टे वितरण, खाता विभाजन, मंगला पशु योजना, नये जॉब कार्ड बनाना, क्षतिपूर्ण मीटर सुधार, चिकित्सा परामर्श, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, नवीन खाता खोलना, डीपीटी कार्य, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का सत्यापन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, सहायक अंग उपकरण चिन्हीकरण, टीबी की स्क्रीनिंग, किट वितरण, दवा वितरण, नवीन जन आधार बनाना व संशोधन से संबंधित कार्य संपादित किये। इस अवसर पर विधायक ने मौके पर ही आमजन को पट्टे वितरित किए।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सरकार की इन जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे हर व्यक्ति को मिलें। बिजली पानी शिक्षा सहित हर समस्या का समाधान इन शिविरों में किया जा रहा है।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी विकास अधिकारी महेंद्र कुमार भार्गव, शिविर सह प्रभारी नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार गहलोत, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी पूजा मीणा, प्रगति प्रसार अधिकारी मो. जुल्कर खान आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, बीकानेर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास**
**अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन**
**मु. नं. 123/2025/2036**
**दिनांकः-17.09.2025**
**सर्व साधारण को सूचनार्थ नोटिस**

चूंकि संजय कुमार पुत्र श्री धनपत कुमार निवासी वार्ड 29 इंद्रा कॉलोनी आईडियल पब्लिक शिक्षण संस्थान राजगढ चूरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत आईडियल पब्लिक शिक्षण संस्थान हिसार रोड़ राजगढ चूरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अत्तएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो. प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.11.2025 निश्चित है।

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर



**कार्यालय सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, बीकानेर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास**
**अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन**
**मु. नं. 115/2025/1885**
**दिनांकः-01.09.2025**
**सर्व साधारण को सूचनार्थ नोटिस**

चूंकि संजय कुमार पुत्र श्री सुलतान सिंह निवासी वार्ड 14 रितीक सेनेटरी हाऊस राजगढ चूरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत श्री लक्ष्मी ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट सिदमुख राजगढ चूरू के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अत्तएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो. प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.10.2025 निश्चित है।

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर


## अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। 5149 वीं महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। महोत्सव का आगाज ऑटो मार्केट में क्रिकेट प्रतियोगिता से हुआ, प्रतियोगिता में समाज के युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। इस प्रतियोगिता में गोयल खिलाड़ी टीम विजेता रही व कसल कैचर्स उपविजेता घोषित हुई। इसी क्रम में शुक्रवार को महिलाओं व बालिकाओं की अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें थाली सजाओ गैस कुकिंग व मेहंदी प्रतियोगिता शामिल है। इन प्रतियोगिताओं में समाज की महिलाओं व बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 22 सितम्बर को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## श्याम मंदिर में भजन संध्या का हुआ आयोजन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** सोमाणी गैस एजेंसी के पास स्थित श्याम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया । यह जानकारी देते हुए युवा मित्र मंडल के आकाश झुरिया ने बताया कि पुजारी रवि जोशी के सानिध्य मेंआयोजित भजन संध्या में मयंक शर्मा,तिलक वर्मा, सतपाल सिंह,अमित ख़ुडीवाला, लक्की कुमावत, पवन शर्मा निर्मल, जयकांत खरादी, कुसुम नीलिमा शर्मा, अंकित खाटूवाला, गणेश सोनी, सतीश कुमावत, विकास कुमार,गणेश सोनी,पवन खाटूवाला,सुनील सोनी, दीपक सोनी ऊ भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाया जाएगा।मंडल के शिव कुमार गठेलवाल ने बताया कि इससे पूर्व बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाकर बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार किया गया तथा दिव्य ज्योति जलाई गई। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, गजरा नृत्य, बाबा का खजाना, आदि मौजुद रहे।

## खाटू श्यामजी में पुजारी सेवक महासंघ का द्वितीय महाधिवेशन हुआ

**खाटू श्यामजी** (सीकर)। पुजारी सेवक महासंघ का द्वितीय महाधिवेशन धार्मिक नगरी खाटू श्यामजी में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। दो दिन चले इस अधिवेशन में प्रदेशभर से करीब आठ हजार पुजारी एकत्र हुए। महाधिवेशन में पुजारियों की सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक स्थिति को लेकर व्यापक चर्चा हुई तथा उनके अधिकारों की रक्षा हेतु अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। महाधिवेशन में मंच से राज्य सरकार के समक्ष पुजारियों ने अपनी मांगें स्पष्ट रूप से रखीं। सबसे प्रमुख मांगसनातन बोर्डके गठन की रही, जिसके माध्यम से मंदिरों की स्वायत्तता और पुजारियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। महासंघ के संरक्षक महंत मोहन सिंह दास ने पुजारियों से एकजुट रहने का आ ान किया और बताया कि महासंघ द्वारा तैयार13 सूत्रीय मांग पत्रशीघ्र ही सरकार को सौंपा जाएगा। पुजारियों के आत्म-सम्मान की रक्षा का है। रैवासा धाम के पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य ने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक उसकी सुनवाई संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिरों की आय का उपयोग अन्य धर्मों के स्थलों के विकास में किया जा रहा है, जबकि सनातन मंदिर उपेक्षित हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि महासंघ अबसनातन बोर्ड के गठन की दिशा में सक्रिय प्रयास करेगा।

महाकाल मंदिर उज्जैन के पुजारी और महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने कहा कि सनातन सबसे पुरातन धर्म है, परंतु आज उसके सेवकों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि चर्च और मस्जिदों में सरकारें हस्तक्षेप नहीं करतीं, पर मंदिरों पर नियंत्रण रखती हैं, जो अनुचित है। महाधिवेशन के दौरान सभी जिलों के पुजारी संघ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। अगर सरकार ने पुजारियों की मांगों पर विचार नहीं किया, तो पूरे प्रदेश के पुजारी संगठित आंदोलन करेंगे और आगामी चुनावों में सरकार व जनप्रतिनिधियों से खुलकर जवाब मांगेंगे। उनमें से सनातन बोर्ड का गठन किया जाए, भूमिहीन मंदिरों के पुजारियों को 30,000 प्रतिमाह मानदेय, पुजारी प्रोटेक्शन बिल लागू किया जाए, ग्रामीण मंदिरों की भूमि के पट्टे पुजारियों को दिए जाए, मंदिरों को निःशुल्क बिजली और पानी की सुविधा मिले, मंदिर संपत्ति विवादों के लिए विशेष ट्रिब्यूनल का गठन, पुजारी कल्याण कोष और मंदिर प्रबंधन बोर्ड का पुनर्गठन, भोग राशि कम से कम 10,000 निर्धारित की जाए, पुजारियों को कृषि योजनाओं में समान लाभ दिया जाए, मंदिर माफी भूमि के गैर-कृषि उपयोग की अनुमति दी जाए।


